प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 85/2025)
**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**
www.trai.gov.in
नई दिल्ली, दिनांक 29 अगस्त 2025

**तत्काल प्रकाशन हेतु** वेब साइट : www.trai.gov.in

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने बड़ोदरा शहर (गुजरात) में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने बड़ोदरा शहर (गुजरात लाइसेंस सेवा क्षेत्र) के लिए जुलाई 2025 महीने के दौरान आयोजित किए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जारी किए हैं । ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओ (वॉयस और डेटा दोनों) की रीयल वर्ल्ड गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के दौरान भादूविप्रा कॉल सेटअप सक्सेज रेट, डेटा डाउनलोड और अपलोड रिपोर्ट, स्पीच क्वालिटी आदि जैसे प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) के निष्पादन पर डेटा कैप्चर करता है, जिसे तब उपभोक्ताओं की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है और टीएसपी को अपनी सेवाओं में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से, **गुजरात एलएसए** में 15-07-2025 से 18-07-2025 के दौरान वडोदरा शहर में 388 किलोमीटर के सिटी ड्राइव, 12 हॉटस्पॉट स्थानों, वडोदरा शहर में 2 किलोमीटर के वॉक टेस्ट में विस्तृत ड्राइव टेस्ट किया। ये परीक्षण भादूविप्राप , **क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर** की देखरेख में आयोजित किए गए थे। वड़ोदरा शहर के आईडीटी निष्कर्षों का सारांश नीचे दिया गया है:

(i) **वॉयस सर्विसेज:**

| क्रम सं | मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | माप का प्रकार | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कॉल सेटअप सक्सेज रेट (सीएसएसआर) | % | 99.82 | **92.39** | 100.00 | 76.81 |
| 2 | कॉल सेटअप टाईम एवरेज (सीएसटी) | sec. | 1.21 | 1.56 | 0.66 | 0.71 |
| 3 | ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर) | % | 0.00 | 0.73 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | कॉल साइलेंस रंट (म्यूट काल) | % | 0.00 | **14.56** | 0.56 | 0.73 |
| 5 | मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस) | 1-5 | 4.04 | 3.12 | 3.97 | 4.46 |

(ii) **डाटा सर्विसेज:**

| क्रम | मुख्य निष्पादन संकेतक (ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में | माप प्रकार | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एवरेज डाऊनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 198.98 | 3.87 | 284.19 | 53.54 |
| 2 | एवरेज अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 36.64 | 7.03 | 44.88 | 17.36 |
| 3 | लेटेंसी (50 वां पर्सेंटाईल) | in ms | 39.90 | 27.45 | 13.65 | 22.55 |

वडोदरा शहर में आयोजित ड्राइव टेस्ट में वडोदरा रेलवे स्टेशन, वडोदरा बस स्टैंड, सयाजीगंज, मंजलपुर, गोत्री, अकोटा, सूर सागर झील, पारुल विश्वविद्यालय आदि क्षेत्रों सहित वडोदरा शहर के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया।

ये ड्राइव टेस्ट उपयोग में आने वाले विभिन्न वातावरणों -शहरी क्षेत्र, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन और हब आदि में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के रीयल वर्ल्ड मोबाईल नेटवर्क के निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गये थे । इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में, 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम कार्ड का उपयोग करते हुए लाइव डेटा और वॉयस सैशन किए जाते हैं। ड्राइव टेस्ट में विभिन्न उन्नत हैंडसेट और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करते हुए रीयल टाईम सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

आईडीटी रिपोर्ट के निष्कर्षों को संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ साझा किया गया है ताकि वे इसे नोट करें और आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई कर सकें। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्टें भादूविप्रा की वेबसाइट पर www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए, adv.jaipur@trai.gov.in या जयपुर में भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय को ईमेल भेजा जा सकता है या टेलीफोन नंबर+91-141-2701919 पर संपर्क किया जा सकता है।

29/8/25

(राजेश कुमार अग्रवाल), आई टी एस
सलाहकार, भादूविप्रा
क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर